Published by :
Kishore Book Depot
Opp. Govt. Press
Jaipur - 302 001

© Publishers

Edition : 2016

Price : Rs. 125/-

Printed by :
Sheetal Printers, Jaipur

CAUTION NOTE

Although every care has been taken to avoid errors or omissions in this publication, inspite of this, inadvertently, errors may creep in. The publication is being sold on the condition and understanding that information given herein is merely for guidance and reference. It must not be taken as having authority of, or binding in any way on, the authors, editors, publishers and sellers who do not owe any responsibility for any damage or loss to any person, who may or may not be a purchaser of this publication on account of any action taken on the basis of this publication. For authoritative text information, please contact the department concerned or refer to the Government publication. The publishers shall be obliged if any mistake, error or discrepancy is brought to their notice for carrying out correction in the next edition. In case of binding mistake, misprint or for missing pages etc., the publishers liability is limited to replacement within one month of the purchase by similar edition/reprint. All disputes are subject to Jaipur Jurisdiction only.

THE PRIVATE SECURITY AGENCIES (REGULATION) ACT, 2005
प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम, 2005

Section		Page No.
1.	Short title, extent and commencement संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारंभ	6 7
2.	Definitions परिभाषा	6 7
3.	Appointment of Controlling Authority नियंत्रक प्राधिकारी की नियुक्ति	8 9
4.	Persons or Private Security Agency not to engage or provide private security guard without licence व्यक्तियों या प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण द्वारा अनुज्ञप्ति के बिना प्राइवेट सुरक्षा गार्ड न रखना या उपलब्ध न कराना	8 9
5.	Eligibility for licence अनुज्ञप्ति के लिए पात्रता	8 9
6.	Persons not eligible for licence वे व्यक्ति जो अनुज्ञप्ति के लिए पात्र नहीं हैं	8 9
7.	Application for grant of licence अनुज्ञप्ति अनुदत्त किए जाने के लिए आवेदन	10 11
8.	Renewal of licence अनुज्ञप्ति का नवीकरण	10 11
9.	Conditions for commencement of operation and engagement of supervisors प्रचालन प्रारंभ करने और पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की शर्तें	12 13
10.	Eligibility to be a private security guard प्राइवेट सुरक्षा गार्ड बनने के लिए पात्रता	12 13
11.	Conditions of licence अनुज्ञप्ति की शर्तें	14 15
12.	Licence to be exhibited अनुज्ञप्ति का प्रदर्शित किया जाना	14 15
13.	Cancellation and suspension of licence अनुज्ञप्ति का रद्दकरण और निलंबन	14 15
14.	Appeals अपील	18 19
15.	Register to be maintained by a private security agency प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण द्वारा रजिस्टर का रखा जाना	18 19
16.	Inspection of licence, etc. अनुज्ञप्ति आदि का निरीक्षण	20 21
17.	Issue of photo identity card फोटो पहचान पत्र का जारी किया जाना	20 21

18. Disclosure of information to unauthorized person 20
अप्राधिकृत व्यक्ति को जानकारी का प्रकटन 21
19. Delegation 20
प्रत्यायोजन 21
20. Punishment for contravention of certain provisions 22
कतिपय उपबंधों के उल्लंघन के लिए दंड 23
21. Penalty for unauthorized use of certain uniforms 22
कतिपय वर्दियों के अप्राधिकृत उपयोग के लिए शास्ति 23
22. Offences by companies 22
कंपनियों द्वारा अपराध 23
23. Indemnity 22
संरक्षण 23
24. Framing of model rules for adoption by States 24
राज्यों द्वारा अंगीकार के लिए आदर्श नियमों की विरचना 25
25. Power of State Government to make rules 24
राज्य सरकार की नियम बनाने की शक्ति 25
THE SCHEDULE 26
अनुसूची 27

THE PRIVATE SECURITY AGENCIES CENTRAL MODEL RULES, 2006

1. Short title and commencement 28
2. Definitions 28
3. Verification of the antecedents of the applicants 28
4. Verification of character and antecedents of the private security guard and supervisor 29
5. Security training 30
6. Standard of physical fitness for security guards 31
7. Provision for Supervisors 32
8. Manner of making application for grant of licence 32
9. Grant of licence 32
10. Conditions for grant of licence 33
11. Renewal of licence 33
12. Conditions for renewal of licence 33
13. Appeals and procedure 34
14. Register to be maintained by the Agency 34
15. Photo identity card 34
16. Other conditions 34
Forms 36

RAJASTHAN PRIVATE SECURITY AGENCIES (REGULATION) RULES, 2006
राजस्थान प्राइवेट सुरक्षा एजेन्सी (विनियमन) नियम, 2006

Short title and commencement 46
संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ 47
Definitions 46
परिभाषाएँ 47
Manner of making application for grant of license 46
अनुज्ञप्ति की मंजूरी के लिए आवेदन करने की रीति 47
Verification of the antecedents of the applicant 48
आवेदक के पूर्ववृत्त का सत्यापन 49
Grant of license 48
अनुज्ञप्ति की मंजूरी 49
Conditions of license 48
अनुज्ञप्ति की शर्तें 49
Verification of character and antecedents of the private security guard and supervisor 50
प्राइवेट सुरक्षा गार्ड और पर्यवेक्षक के चरित्र और पूर्ववृत्त का सत्यापन 51
Security training 52
सुरक्षा प्रशिक्षण 53
Standard of physical fitness for security guards 56
सुरक्षा गार्डों के लिए शारीरिक स्वस्थता के मानक 57
Provision for Supervisors 56
पर्यवेक्षकों के लिए उपबन्ध 57
Verification of conditions of License and review of license 56
अनुज्ञप्ति की शर्तों का सत्यापन और अनुज्ञप्ति का पुनर्विलोकन 57
Renewal of license 58
अनुज्ञप्ति का नवीकरण 59
Conditions for renewal of license 58
अनुज्ञप्ति के नवीकरण की शर्तें 59
Appeals and procedure 58
अपील और प्रक्रिया 59
Register to be maintained by the Agency 58
एजेंसी द्वारा रखा जाने वाला रजिस्टर 59
Photo identity card 58
फोटो पहचान-पत्र 59
Other conditions 60
अन्य शर्तें 61
Forms 62
प्ररूप 63

THE PRIVATE SECURITY AGENCIES (REGULATION) ACT, 2005

(29 of 2005) *[23rd June, 2005]*

An Act to provide for the regulation of private security agencies and for matters connected therewith or incidental thereto.

BE it enacted by Parliament in the Fifty-sixth Year of the Republic of India as follows :—

1. Short title, extent and commencement : (1) This Act may be called the Private Security Agencies (Regulation) Act, 2005.

(2) It extends to the whole of India except the State of Jammu and Kashmir.

(3) It shall come into force on such date[1] as the Central Government may, by notification in the Official Gazette, appoint.

2. Definitions : In this Act, unless the context otherwise requires,-

(a) **"armoured car service"** means the service provided by deployment of armed guards along with armoured car and such other related services which may be notified by the Central Government or as the case may be, the State Government from time to time;

(b) **"Controlling Authority"** means the Controlling Authority appointed under sub-section (1) of section 3;

(c) **"licence"** means a licence granted under sub-section (5) of section 7;

(d) **"notification"** means a notification published in the Official Gazette;

(e) **"prescribed"** means prescribed by rules made under this Act;

(f) **"private security"** means security provided by a person, other than a public servant, to protect or guard any person or property or both and includes provision of armoured car service;

(g) **"private security agency"** means a person or body of persons other than a government agency, department or organisation engaged in the business of providing private security services including training to private security guards or their supervisor or providing private security guards to any industrial or business undertaking or a company or any other person or property;

(h) **"private security guard"** means a person providing private security with or without arms to another person or property or both and includes a supervisor;

1. Came into force on 15.3.2006, vide S.O. 317(E), dated 14th March, 2006.

प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम, 2005

(2005 का अधिनियम संख्यांक 29)

[23 जून, 2005]

प्राइवेट सुरक्षा अभिकरणों के विनियमन और उससे संबंधित या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने के लिए अधिनियम

भारत गणराज्य के छप्पनवें वर्ष में संसद् द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :-

1. संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारंभ : (1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम, 2005 है।

(2) इसका विस्तार जम्मू-कश्मीर राज्य को छोड़कर संपूर्ण भारत पर है।

(3) यह उस तारीख[1] को प्रवृत्त होगा, जो केन्द्रीय सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा नियत करे।

2. परिभाषा : इस अधिनियम में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,–

(क) **"बख्तरबंद कार सेवा"** से बख्तरबंद कार के साथ सशस्त्र रक्षकों के अभिनियोजन द्वारा प्रदान की गई सेवा और ऐसी अन्य संबंधित सेवाएं अभिप्रेत हैं, जो समय-समय पर, यथास्थिति, केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित की जाएं;

(ख) **"नियंत्रक प्राधिकारी"** से धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन नियुक्त नियंत्रक प्राधिकारी अभिप्रेत है;

(ग) **"अनुज्ञप्ति"** से धारा 7 की उपधारा (5) के अधीन अनुदत्त अनुज्ञप्ति अभिप्रेत है;

(घ) **"अधिसूचना"** से राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना अभिप्रेत है;

(ङ) **"विहित"** से इस अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों द्वारा विहित अभिप्रेत है;

(च) **"प्राइवेट सुरक्षा"** से, किसी व्यक्ति या संपत्ति अथवा दोनों की संरक्षा या रक्षा करने के लिए, लोक सेवक से भिन्न किसी व्यक्ति द्वारा उपलब्ध कराई गई सुरक्षा अभिप्रेत है और इसके अंतर्गत बख्तरबंद कार सेवा की व्यवस्था भी है;

(छ) **"प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण"** से किसी औद्योगिक या कारबार उपक्रम या किसी कंपनी या किसी अन्य व्यक्ति या संपत्ति को प्राइवेट सुरक्षा सेवाएं जिनके अंतर्गत प्राइवेट सुरक्षा गार्डों या उनके पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण देना भी है, उपलब्ध कराने या प्राइवेट सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराने के कारबार में लगा हुआ, सरकारी अभिकरण, विभाग या संगठन से भिन्न, कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का निकाय अभिप्रेत है;

(ज) **"प्राइवेट सुरक्षा गार्ड"** से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो किसी अन्य व्यक्ति या संपत्ति या दोनों को शस्त्र सहित या उनके बिना प्राइवेट सुरक्षा प्रदान कर रहा है और उसके अंतर्गत पर्यवेक्षक भी है;

1. Came into force on 15.3.2006, vide S.O. 317(E), dated 14.3.2006.

(i) **"State Government"**, in relation to a Union territory, includes the Administrator of that Union territory appointed by the President under article 239 of the Constitution.

3. Appointment of Controlling Authority : (1) The State Government shall by notification, designate an officer not below the rank of a Joint Secretary in the Home Department of the State or an equivalent officer to be the Controlling Authority, for the purposes of this Act.

(2) The State Government may, for efficient discharge of functions by the Controlling Authority, provide it with such other officers and staff as that Government considers necessary.

4. Persons or Private Security Agency not to engage or provide private security guard without licence : No person shall carry on or commence the business of private security agency, unless he holds a licence issued under this Act :

Provided that the person carrying on the business of private security agency, immediately before the commencement of this Act, may continue to do so for a period of one year from the date of such commencement and if he has made an application for such licence within the said period of one year, till the disposal of such application :

Provided further that no private security agency shall provide private security abroad without obtaining permission of the Controlling Authority, which shall consult the Central Government before according such permission.

5. Eligibility for licence : An application for issue of a licence under this Act shall only be considered from a person after due verification of his antecedents.

6. Persons not eligible for licence : (1) A person shall not be considered for issue of a licence under this Act, if he has been —

(a) convicted of an offence in connection with promotion, formation or management of a company (any fraud or misfeasance committed by him in relation to the company), including, an undischarged insolvent; or

(b) convicted by a competent court for an offence, the prescribed punishment for which is imprisonment of not less than two years; or

(c) keeping links with any organisation or association which is banned under any law on account of their activities which pose threat to national security or public order or there is information about such a person indulging in activities which are prejudicial to national security or public order; or

(d) dismissed or removed from Government service on grounds of misconduct

(झ) संघ राज्यक्षेत्र के संबंध में, "**राज्य सरकार**" के अंतर्गत संविधान के अनुच्छेद 239 के अधीन राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त उस संघ राज्यक्षेत्र का प्रशासक भी है।

3. नियंत्रक प्राधिकारी की नियुक्ति : (1) राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा, उस राज्य के गृह विभाग में संयुक्त सचिव से अन्यून पंक्ति के किसी अधिकारी या समतुल्य अधिकारी को इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए नियंत्रक प्राधिकारी के रूप में पदाभिहित करेगी।

(2) राज्य सरकार, नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा कृत्यों के दक्षतापूर्ण निर्वहन के लिए, उसे ऐसे अन्य अधिकारी और कर्मचारिवृंद उपलब्ध करा सकेगी, जिन्हें राज्य सरकार आवश्यक समझे।

4. व्यक्तियों या प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण द्वारा अनुज्ञप्ति के बिना प्राइवेट सुरक्षा गार्ड न रखना या उपलब्ध न कराना : कोई भी व्यक्ति प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण का कारबार तभी करेगा या प्रारंभ करेगा, जब उसके पास इस अधिनियम के अधीन जारी की गई अनुज्ञप्ति हो :

परंतु ऐसा कोई व्यक्ति, जो इस अधिनियम के प्रारंभ से ठीक पूर्व प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण का कारबार कर रहा है, ऐसे प्रारंभ की तारीख से एक वर्ष की अवधि तक और यदि उसने एक वर्ष की उक्त अवधि के भीतर ऐसी अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन कर दिया है तो ऐसे आवेदन के निपटारे तक, ऐसा कारबार करता रहेगा :

परंतु यह और कि कोई प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण विदेश में प्राइवेट सुरक्षा नियंत्रक प्राधिकारी की अनुज्ञा अभिप्राप्त किए बिना प्रदान नहीं करेगा जो ऐसी अनुज्ञा देने के पूर्व केन्द्रीय सरकार से परामर्श करेगा।

5. अनुज्ञप्ति के लिए पात्रता : इस अधिनियम के अधीन कोई अनुज्ञप्ति जारी करने के लिए किसी व्यक्ति से आवेदन पर केवल उसके पूर्ववत के सम्यक् सत्यापन के पश्चात् ही विचार किया जाएगा।

6. वे व्यक्ति जो अनुज्ञप्ति के लिए पात्र नहीं हैं : (1) इस अधिनियम के अधीन कोई अनुज्ञप्ति जारी करने के लिए ऐसे व्यक्ति के संबंध में विचार नहीं किया जाएगा, यदि वह —

(क) किसी कंपनी के संप्रवर्तन, उसके बनाने या प्रबंध के संबंध में किसी अपराध के लिए (उसके द्वारा कंपनी के संबंध में किया गया कोई कपट या अपकरण) सिद्धदोष किया गया है, जिसके अंतर्गत अनुन्मोचित दिवालिया भी है; या

(ख) किसी सक्षम न्यायालय द्वारा किसी अपराध के लिए सिद्धदोष किया गया है, जिसके लिए विहित दण्ड दो वर्ष से अन्यून का कारावास है; या

(ग) किसी ऐसे संगठन या संगम से सम्पर्क रखता है जिसे उसके ऐसे क्रियाकलापों के कारण किसी विधि के अधीन प्रतिबंधित कर दिया गया है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा या लोकव्यवस्था के लिए खतरा है या ऐसे व्यक्ति के बारे में यह जानकारी है कि वह उन क्रियाकलापों में लिप्त है जो राष्ट्रीय सुरक्षा या लोक व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं; या

(घ) अवचार या नैतिक अद्यमता के आधार पर सरकारी सेवा से पदच्युत किया गया है या हटाया गया है।

(2) A company, firm or an association of persons shall not be considered for issue of a licence under this Act, if, it is not registered in India, or having a proprietor or a majority shareholder, partner or director, who is not a citizen of India.

7. Application for grant of licence : (1) An application for grant of licence to a private security agency shall be made to the Controlling Authority in such form as may be prescribed.

(2) The applicant shall submit an affidavit incorporating the details in relation to the provisions contained in section 6, ensure the availability of the training for its private security guards and supervisors required under sub-section (2) of section 9, fulfilment of conditions under section 11 and of cases registered with police or pending in a court of law involving the applicant.

(3) Every application under sub-section (1) shall be accompanied by a fee of —

(a) rupees five thousand if the private security agency is operating in one district of a State;

(b) rupees ten thousand if the agency is operating in more than one but up to five districts of a State; and

(c) rupees twenty-five thousand if it is operating in the whole State.

(4) On receipt of an application under sub-section (1), the Controlling Authority may, after making such inquiries as it considers necessary and obtaining no objection certificate from the concerned police authority, by order in writing, either grant a licence or refuse to grant the same within a period of sixty days from the date of receipt of application with complete particulars and the prescribed fee :

Provided that no order of refusal shall be made unless —

(a) the applicant has been given a reasonable opportunity of being heard; and

(b) the grounds on which licence is refused is mentioned in the order.

(5) A licence granted under this section —

(a) shall be valid for a period of five years unless the same is cancelled under sub-section (1) of section 13;

(b) may be renewed from time to time after the expiry of five years, for a further period of five years on payment of such fee as may be prescribed; and

(c) shall be subject to such conditions as may be prescribed.

8. Renewal of licence : (1) An application for renewal of licence shall be made to the Controlling Authority, not less than forty-five days before the date of expiry of the period of validity thereof, in such form as may be prescribed and shall be

(2) इस अधिनियम के अधीन कोई अनुज्ञप्ति जारी करने के लिए, किसी कंपनी, फर्म या व्यक्तियों के संगम पर विचार नहीं किया जाएगा, यदि, वह भारत में रजिस्ट्रीकृत नहीं है या जिसका स्वत्वधारी या बहुमत शेयर धारक, भागीदार या निदेशक ऐसा है जो भारत का नागरिक नहीं है।

7. अनुज्ञप्ति अनुदत्त किए जाने के लिए आवेदन : (1) किसी प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण को अनुज्ञप्ति अनुदत्त किए जाने के लिए आवेदन नियंत्रक प्राधिकारी को ऐसे प्ररूप में किया जाएगा, जो विहित किया जाए।

(2) आवेदक धारा 6 में अंतर्विष्ट उपबंधों के संबंध में ब्यौरे समाविष्ट करते हुए एक शपथ पत्र प्रस्तुत करेगा, धारा 9 की उपधारा (2) के अधीन अपेक्षित अपने प्राइवेट सुरक्षा गार्डों और पर्यवेक्षकों के लिए प्रशिक्षण की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा, धारा 11 के अधीन और पुलिस में रजिस्ट्रीकृत या न्यायालय में लंबित मामलों की, जिनमें आवेदक लिप्त है, शर्तों को पूरा करेगा।

(3) उपधारा (1) के अधीन प्रत्येक आवेदन के साथ —

(क) यदि प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण किसी राज्य के एक जिले में कार्य कर रहा है तो पांच हजार रुपए की फीस होगी;

(ख) यदि अभिकरण किसी राज्य के एक से अधिक किन्तु पांच जिलों तक में कार्य कर रहा है तो दस हजार रुपए की फीस होगी; और

(ग) यदि वह संपूर्ण राज्य में कार्य कर रहा है तो पच्चीस हजार रुपए की फीस होगी।

(4) नियंत्रक प्राधिकारी, उपधारा (1) के अधीन आवेदन की प्राप्ति पर, ऐसी जांच करने के पश्चात् जिसे वह आवश्यक समझे, और संबद्ध पुलिस प्राधिकारी से अनापत्ति प्रमाणपत्र अभिप्राप्त करने के पश्चात् लिखित आदेश द्वारा, आवेदन की पूर्ण विशिष्टियों और विहित फीस के साथ प्राप्ति की तारीख से साठ दिन की अवधि के भीतर या तो अनुज्ञप्ति अनुदत्त कर सकेगा या अनुज्ञप्ति अनुदत्त करने से इंकार कर सकेगा:

परन्तु आवेदन अस्वीकार किए जाने का कोई आदेश तभी किया जाएगा जब —

(क) आवेदक को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर दे दिया गया हो; और

(ख) वे आधार, जिन पर अनुज्ञप्ति से इंकार किया जाता है, आदेश में वर्णित किए गए हों।

(5) इस धारा के अधीन अनुदत्त अनुज्ञप्ति —

(क) पांच वर्ष की अवधि के लिए विधिमान्य रहेगी, जब तक कि उसे धारा 13 की उपधारा (1) के अधीन रद्द नहीं कर दिया जाता;

(ख) पांच वर्ष की समाप्ति के पश्चात्, ऐसी फीस के संदाय पर जो विहित की जाए, समय-समय पर पांच वर्ष की एक और अवधि के लिए नवीकृत की जा सकेगी; और

(ग) ऐसी शर्तों के अध्यधीन होंगी, जो विहित की जाएं।

8. अनुज्ञप्ति का नवीकरण : (1) अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए आवेदन नियंत्रक प्राधिकारी को, अनुज्ञप्ति की विधिमान्यता की अवधि की समाप्ति की तारीख से कम-से-कम पैंतालीस दिन पूर्व ऐसे प्ररूप

accompanied by the requisite fee and other documents required under sections 6, 7 and 11 of this Act.

(2) The Controlling Authority shall pass an order on application for renewal of licence within thirty days from the date of receipt of application complete in all respects.

(3) On receipt of an application under sub-section (1), the Controlling Authority may, after making such inquiries as he considers necessary and by order in writing, renew the licence or refuse to renew the same :

Provided that no order of refusal shall be made except after giving the applicant a reasonable opportunity of being heard.

9. Conditions for commencement of operation and engagement of supervisors : (1) Every private security agency shall, within six months of obtaining the licence, commence its activities.

(2) Every private security agency shall ensure imparting of such training and skills to its private security guards and supervisors as may be prescribed :

Provided that the person carrying on the business of private security agency, before the commencement of this Act, shall ensure the required training to its security guards and supervisors within a period of one year from the date of such commencement.

(3) Every private security agency shall, within sixty days from the date of issue of the licence, employ such number of supervisors, as may be prescribed.

(4) A private security agency shall not employ or engage a person as a supervisor unless he fulfils the conditions specified in sub-section (1) of section 10.

(5) While engaging a supervisor of private security guards, every private security agency shall give preference to a person who has experience of serving in the Army, Navy, Air Force, any other Armed forces of the Union or State Police including armed constabularies and Home Guards for a period of not less than three years.

10. Eligibility to be a private security guard : (1) A private security agency shall not employ or engage any person as a private security guard unless he —

(a) is a citizen of India or a citizen of such other country as the Central Government may, by notification in the Official Gazette, specify;

(b) has completed eighteen years of age but has not attained the age of sixty-five years;

(c) satisfies the agency about his character and antecedents in such manner as may be prescribed;

(d) has completed the prescribed security training successfully;

में, जो विहित किया जाए, किया जाएगा और उसके साथ अपेक्षित फीस और इस अधिनियम की धारा 6, धारा 7 तथा धारा 11 के अधीन अपेक्षित अन्य दस्तावेज भी होंगे।

(2) नियंत्रक प्राधिकारी अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए आवेदन पर सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन की प्राप्ति की तारीख से तीस दिन के अंदर आदेश पारित करेगा।

(3) नियंत्रक प्राधिकारी, उपधारा (1) के अधीन आवेदन की प्राप्ति पर ऐसी जांच करने के पश्चात् जिसे वह आवश्यक समझे और लिखित आदेश द्वारा, अनुज्ञप्ति का नवीकरण कर सकेगा या उसका नवीकरण करने से इंकार कर सकेगा :

परंतु इंकार करने का कोई आदेश, आवेदक को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर दिए जाने के पश्चात् ही किया जाएगा।

9. प्रचालन प्रारंभ करने और पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की शर्तें : (1) प्रत्येक प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण, अनुज्ञप्ति अभिप्राप्त करने के छह मास के भीतर अपने क्रियाकलाप प्रारंभ करेगा।

(2) प्रत्येक प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण अपने प्राइवेट सुरक्षा गार्डों और पर्यवेक्षकों को ऐसा प्रशिक्षण और कुशलताएं, जो विहित किए जाएं, देना सुनिश्चित करेगा :

परंतु इस अधिनियम के प्रारंभ से पूर्व प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण का कारबार करने वाला व्यक्ति, ऐसे प्रारंभ की तारीख से एक वर्ष की अवधि के भीतर अपने सुरक्षा गार्डों और पर्यवेक्षकों के लिए अपेक्षित प्रशिक्षण सुनिश्चित करेगा।

(3) प्रत्येक प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण, अनुज्ञप्ति जारी किए जाने की तारीख से साठ दिन के भीतर ऐसी संख्या में, जो विहित की जाए, पर्यवेक्षकों को नियोजित करेगा।

(4) कोई प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण पर्यवेक्षक के रूप में किसी व्यक्ति को तभी नियोजित करेगा या रखेगा जब वह धारा 10 की उपधारा (1) में विनिर्दिष्ट शर्तों को पूरा करता हो।

(5) प्रत्येक प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण, प्राइवेट सुरक्षा गार्डों के किसी पर्यवेक्षक की नियुक्ति करते समय उस व्यक्ति को, जिसके पास सेना, नौसेना, वायु सेना, संघ के किसी अन्य सशस्त्र बल या राज्य पुलिस, जिसके अंतर्गत सशस्त्र पुलिस और होम गार्ड भी हैं; तीन वर्ष से अन्यून की अवधि की सेवा का अनुभव हो, अधिमानता देगा।

10. प्राइवेट सुरक्षा गार्ड बनने के लिए पात्रता : (1) कोई प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण प्राइवेट सुरक्षा गार्ड के रूप में किसी व्यक्ति को तभी नियोजित करेगा या रखेगा, जब —

(क) वह भारत का नागरिक हो या ऐसे अन्य देश का नागरिक हो जिसे केन्द्रीय सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, विनिर्दिष्ट करे;

(ख) उसने अट्ठारह वर्ष की आयु पूरी कर ली हो किन्तु पैंसठ वर्ष की आयु प्राप्त नहीं की हो;

(ग) उसने अभिकरण का अपने चरित्र और पूर्ववृत्त के बारे में ऐसी रीति से, जो विहित की जाए, समाधान कर दिया हो;

(घ) उसने विहित सुरक्षा प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया हो;

(e) fulfils such physical standards as may be prescribed; and

(f) satisfies such other conditions as may be prescribed.

(2) No person who has been convicted by a competent court or who has been dismissed or removed on grounds of misconduct or moral turpitude while serving in any of the armed forces of the Union, State Police Organisations, Central or State Governments or in any private security agency shall be employed or engaged as a private security guard or a supervisor.

(3) Every private security agency may, while employing a person as a private security guard, give preference to a person who has served as a member in one or more of the following, namely :—

(i) Army;

(ii) Navy;

(iii) Air Force;

(iv) any other armed forces of the Union;

(v) Police, including armed constabularies of States; and

(vi) Home Guards.

11. Conditions of licence : (1) The State Government may frame rules to prescribe the conditions on which licence shall be granted under this Act and such conditions shall include requirements as to the training which the licensee is to undergo, details of the person or persons forming the agency, obligation as to the information to be provided from time to time to the Controlling Authority regarding any change in their address, change of management and also about any criminal charge made against them in the course of their performance of duties of the private security agency or as the case may be, a private security guard employed or engaged by them.

(2) The State Government may make provision in the rules to verify about imparting of required training by the private security agency under sub-section (2) of section 9 and to review continuation or otherwise of licence of such private security agency which may not have adhered to the condition of ensuring the required training.

12. Licence to be exhibited : Every private security agency shall exhibit its licence or copy thereof in a conspicuous place of its business.

13. Cancellation and suspension of licence : (1) The Controlling Authority may cancel any licence on any one or more of the following grounds, namely :—

(a) that the licence has been obtained on misrepresentation or suppression of material facts;

(b) that the licence holder has used false documents or photographs;

(ङ) वह ऐसे शारीरिक मानदंडों को पूरा करता हो जो विहित किए जाएं; और

(च) वह ऐसी अन्य शर्तों को, जो विहित की जाएं, पूरा करता हो।

(2) ऐसा कोई भी व्यक्ति सक्षम न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध किया गया है या जिसे संघ के किसी सशस्त्र बल, किसी राज्य पुलिस संगठन, केन्द्रीय सरकार या किसी राज्य सरकार या किसी प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण में, सेवा करते समय अवचार या नैतिक अधमता के आधारों पर सेवा से पदच्युत किया गया है या हटाया गया है, प्राइवेट सुरक्षा गार्ड या पर्यवेक्षक के रूप में नियोजित या लगाया नहीं जाएगा।

(3) प्रत्येक प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण, किसी व्यक्ति को प्राइवेट सुरक्षा गार्ड के रूप में नियोजित करते समय, ऐसे व्यक्ति की अधिमानता दे सकेगा, जिसने निम्नलिखित में किसी एक या अधिक में उसके सदस्य के रूप में सेवा की है:-

(i) सेना;

(ii) नौसेना;

(iii) वायु सेना;

(iv) संघ का कोई अन्य सशस्त्र बल;

(v) पुलिस, जिसके अंतर्गत राज्यों की सशस्त्र पुलिस भी है; और

(vi) होमगार्ड।

11. अनुज्ञप्ति की शर्तें : (1) राज्य सरकार उन शर्तों को विहित करने के लिए नियम विरचित कर सकेगी जिन पर इस अधिनियम के अधीन अनुज्ञप्ति अनुदत्त की जाएगी और ऐसी शर्तों में अपेक्षाएं जो उस प्रशिक्षण के विषय में जिसे अनुज्ञप्तिधारी को लेना है, उस व्यक्ति या उन व्यक्तियों, जिनसे अभिकरण बना है, का ब्यौरा नियंत्रक प्राधिकारी को समय-समय पर उनके पते में किसी परिवर्तन, प्रबंध में परिवर्तन के संबंध में और उनके द्वारा नियोजित या नियुक्त, यथास्थिति, प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण या प्राइवेट सुरक्षा गार्ड के कर्तव्यों के पालन के अनुक्रम में उनके विरुद्ध ऐसे किसी दाण्डिक आरोप के संबंध में दी जाने वाली सूचना की बाध्यता भी है।

(2) राज्य सरकार धारा 9 की उपधारा (2) के अधीन प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण द्वारा अपेक्षित प्रशिक्षण दिए जाने के बारे में सत्यापन करने और ऐसे प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण की जिसने अपेक्षित प्रशिक्षण सुनिश्चित करने की शर्तों का पालन नहीं किया हो, अनुज्ञप्ति को जारी रखने का या अन्यथा के पुनर्विलोकन करने का निबंध कर सकेगी।

12. अनुज्ञप्ति का प्रदर्शित किया जाना : प्रत्येक प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण अपनी अनुज्ञप्ति या उसकी प्रति अपने कारबार के सहज दृश्य स्थान पर प्रदर्शित करेगा।

13. अनुज्ञप्ति का रद्दकरण और निलंबन : (1) नियंत्रक प्राधिकारी किसी अनुज्ञप्ति को निम्नलिखित किसी एक या अधिक आधारों पर रद्द कर सकेगा, अर्थात् :-

(क) कि अनुज्ञप्ति तात्विक तथ्यों के व्यपदेशन पर या उनको छुपाकर अभिप्राप्त की गई है;

(ख) कि अनुज्ञप्तिधारी ने मिथ्या दस्तावेजों या फोटोग्राफों का उपयोग किया है;

(c) that the licence holder has violated the provisions of this Act or the rule made thereunder or any of the conditions of the licence;

(d) that the licence holder has misused information obtained by him during th discharge of his duties as the private security agency to any industrial business undertaking or a company or any other person;

(e) that the licence holder by using any letter-head, advertisement or any oth printed matter or in any other manner represented that the private securit agency is an instrumentality of the Government or such agency is or h been using a name different from that for which licence has been granted

(f) that the licence holder is or has been impersonating or permitting or aidi or abetting any body to impersonate as a public servant;

(g) that the private security agency had failed to commence its activities or engage a supervisor within the specified time period;

(h) that the licence holder is or has wilfully failed or refused to render t services agreed to any person;

(i) that the licence holder has done any act which is in violation of a cou order or an order of a lawful authority or is or has been advisin encouraging or assisting any person to violate any such order;

(j) that the licence holder has violated the provisions of the Acts given in t Schedule which may be modified by the Central Government, by notificati in the Official Gazette;

(k) that there have been repeated instances when the private security guard guards provided by the private security agency —

(i) failed to provide private security or were guilty of gross negligence not providing such security;

(ii) committed a breach of trust or misappropriated the property or a p thereof which they were supposed to protect;

(iii) were found habitually drunk or indisciplined;

(iv) were found to be involved in committing crimes; or

(v) had connived or abetted a crime against the person or property pla under their charge; or

(l) that the licence holder has done any act which poses a threat to natio security, or did not provide assistance to the police or other authority the discharge of its duties or acted in a manner prejudicial to national secu or public order or law and order.

(2) Where the Controlling Authority, for reasons to be recorded in writing,

(ग) कि अनुज्ञप्तिधारी ने इस अधिनियम या इसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों या अनुज्ञप्ति की किसी शर्त का अतिक्रमण किया है;

(घ) कि अनुज्ञप्तिधारी ने किसी औद्योगिक या कारबार उपक्रम या कंपनी या किसी व्यक्ति के यहां प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण के रूप में अपने कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान उसके द्वारा अभिप्राप्त की गई जानकारी का दुरुपयोग किया है;

(ङ) कि अनुज्ञप्तिधारी ने, किसी शीर्षनामा विज्ञापन या किसी अन्य मुद्रित सामग्री का उपयोग करके या किसी अन्य रीति से यह व्यपदेशन किया है कि प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण सरकार का एक अभिकरण है या ऐसा अभिकरण उस नाम से भिन्न किसी नाम का उपयोग कर रहा है जिस नाम से उसे अनुज्ञप्ति अनुदत्त की गई है;

(च) कि अनुज्ञप्तिधारी लोक सेवक के रूप में प्रतिरूपण कर रहा है या किसी व्यक्ति को उस रूप में प्रतिरूपण करने के लिए दे रहा है या सहायता कर रहा है या दुष्प्रेरित कर रहा है;

(छ) कि प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण विनिर्दिष्ट समयावधि के भीतर अपने क्रियाकलाप प्रारंभ करने में या पर्यवेक्षक नियुक्त करने में असफल रहा था;

(ज) कि अनुज्ञप्तिधारी किसी व्यक्ति को करार की गई सेवाएं प्रदान करने में जानबूझकर असफल रहा है या उसने सेवाएं प्रदान करने से इंकार कर दिया है;

(झ) कि अनुज्ञप्तिधारी ने ऐसा कार्य किया है जो किसी न्यायालय के आदेश या किसी विधिपूर्ण प्राधिकारी के आदेश के अतिक्रमण में है या वह ऐसे किसी आदेश का अतिक्रमण करने के लिए किसी व्यक्ति को सलाह दे रहा है, प्रोत्साहित कर रहा है या सहायता दे रहा है;

(ञ) कि अनुज्ञप्तिधारी ने अनुसूची में दिए गए अधिनियमों के उपबंधों का जो केन्द्रीय सरकार द्वारा राजपत्र में अधिसूचना द्वारा उपांतरित किए जा सकेंगे, अतिक्रमण किया है;

(ट) कि इस बात के अनेक उदाहरण रहे हैं जब प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण द्वारा उपलब्ध कराए गए प्राइवेट सुरक्षा गार्ड:-

(i) प्राइवेट सुरक्षा प्रदान करने में असफल रहा है या रहे हैं या ऐसी सुरक्षा प्रदान न करने में घोर उपेक्षा के दोषी थे;

(ii) उन्होंने न्यास भंग किया है या उस संपत्ति या उसके किसी भाग का दुर्विनियोग किया है जिसकी संरक्षा करने की उनसे प्रत्याशा की गई थी;

(iii) आदतन नशे में या अनुशासनहीन पाए गए थे;

(iv) अपराध करने में लिप्त पाए गए थे; या

(v) उन्होंने उनके प्रभार में रखे गए व्यक्ति या संपत्ति के विरुद्ध अपराध की मौनानुमति दी थी या उन्होंने उसके लिए दुष्प्रेरित किया था;

(ठ) कि अनुज्ञप्तिधारी ने ऐसा कोई कार्य किया है जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा हुआ है या पुलिस को या अन्य प्राधिकारी को उनके कर्तव्यों के निर्वहन में सहायता प्रदान न की या उसने ऐसी रीति से कार्य किया है जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा या लोक व्यवस्था या विधि व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

(2) जहां नियंत्रक प्राधिकारी का, ऐसे कारणों से, जो लेखबद्ध किए जाएं, यह समाधान हो जाता है कि उपर्युक्त उपधारा (1) में वर्णित आधारों में से किसी आधार पर अनुज्ञप्ति के रद्दकरण के प्रश्न के लंबित

mentioned in sub-section (1) above, it is necessary to do so, that Controlling Authority may, by order in writing, suspend the operation of the licence for such period not exceeding thirty days as may be specified in the order and require the licence holder to show cause, within fifteen days from the date of issue of such order, as to why the suspension of the licence should not be extended till the determination of the question of cancellation.

(3) Every order of suspending or cancelling of a licence shall be in writing and shall specify the reasons for such suspension or cancellation and a copy thereof shall be communicated to the person affected.

(4) No order of cancellation of licence under sub-section (1) shall be made unless the person concerned has been given a reasonable opportunity of being heard.

14. Appeals : (1) Any person aggrieved by an order of the Controlling Authority refusing the licence under sub-section (4) of section 7 or renewal under sub-section (3) of section 8 or order of suspension of licence under sub-section (2) of section 13 or cancellation of licence under sub-section (1) of that section, may prefer an appeal against that order to the Home Secretary of the State Government within a period of sixty days of the date of such order :

Provided that an appeal may be admitted after the expiry of the said period of sixty days if the appellant satisfies the State Government that he has sufficient cause for not preferring the appeal within that period.

(2) Every appeal under sub-section (1) shall be made in such form as may be prescribed and shall be accompanied by a copy of the order appealed against.

(3) Before disposing of an appeal, the State Government shall give the appellant a reasonable opportunity of being heard.

15. Register to be maintained by a private security agency : (1) Every private security agency shall maintain a register containing—

(a) the names and addresses of the persons managing the private security agency;

(b) the names, addresses, photographs and salaries of the private security guards and supervisors under its control;

(c) the names and addresses of the persons whom it had provided private security guards or services; and

(d) such other particulars as may be prescribed.

(2) The Controlling Authority may call for such information as it considers necessary from any private security agency, supervisor or private security guard to ensure due compliance of the Act.

रहते हुए ऐसा करना आवश्यक है कि नियंत्रक प्राधिकारी, लिखित आदेश द्वारा, अनुज्ञप्ति के प्रचालन को तीस दिन से अनधिक की ऐसी अवधि के लिए, जो आदेश में विनिर्दिष्ट की जाए, निलंबित कर सकेगा और अनुज्ञप्तिधारी से ऐसे आदेश के जारी किए जाने की तारीख से पंद्रह दिन के भीतर इस बारे में कारण दर्शित करने की अपेक्षा कर सकेगा कि अनुज्ञप्ति का निलंबन, रद्दकरण का प्रश्न अवधारित किए जाने तक क्यों न विस्तारित कर दिया जाए।

(3) अनुज्ञप्ति के निलंबन या रद्दकरण का प्रत्येक आदेश लिखित में होगा और उसमें ऐसे निलंबन या रद्दकरण के कारण विनिर्दिष्ट किए जाएंगे तथा उसकी एक प्रति प्रभावित व्यक्ति को संसूचित की जाएगी।

(4) उपधारा (1) के अधीन अनुज्ञप्ति के रद्दकरण का कोई आदेश तब तक नहीं किया जाएगा जब तक कि संबद्ध व्यक्ति को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर न दे दिया गया हो।

14. अपील : (1) धारा 7 की उपधारा (4) के अधीन अनुज्ञप्ति अनुदत्त करने या धारा 8 की उपधारा (3) के अधीन नवीकरण करने से इंकार करने के नियंत्रक प्राधिकारी के आदेश या धारा 13 की उपधारा (2) के अधीन अनुज्ञप्ति के निलंबन के आदेश या उस धारा की उपधारा (1) के अधीन अनुज्ञप्ति के रद्दकरण के आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति, उस आदेश के विरुद्ध अपील राज्य सरकार के गृह सचिव को ऐसे आदेश की तारीख से साठ दिन की अवधि के भीतर कर सकेगा:

परंतु साठ दिन की उक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् भी अपील ग्रहण की जा सकेगी यदि अपीलार्थी राज्य सरकार का यह समाधान कर देता है कि उसके पास उस अवधि के भीतर अपील न कर पाने के लिए पर्याप्त कारण है।

(2) उपधारा (1) के अधीन प्रत्येक अपील ऐसे प्ररूप में होगी जो विहित किया जाए और उसके साथ उस आदेश की जिसके विरुद्ध अपील की गई है, एक प्रति होगी।

(3) राज्य सरकार, अपील का निपटारा करने से पूर्व, अपीलार्थी को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देगी।

15. प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण द्वारा रजिस्टर का रखा जाना : (1) प्रत्येक प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण एक रजिस्टर रखेगा जिसमें —

(क) उन व्यक्तियों के नाम और पते होंगे जो प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण का प्रबंध कर रहे हैं;

(ख) उसके नियंत्रणाधीन प्राइवेट सुरक्षा गार्डों और पर्यवेक्षकों के नाम, पते, फोटोग्राफ और वेतन होंगे;

(ग) उन व्यक्तियों के नाम और पते होंगे जिनको उसने प्राइवेट सुरक्षा गार्ड या सेवाएं उपलब्ध कराई हैं; और

(घ) ऐसी अन्य विशिष्टियां होंगी जो विहित की जाएं।

(2) नियंत्रक प्राधिकारी, किसी प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण, पर्यवेक्षक या प्राइवेट सुरक्षा गार्ड से ऐसी जानकारी मांग सकेगा जिसे वह इस अधिनियम के सम्यक् अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक समझे।

16. Inspection of licence, etc. : The Controlling Authority or any other officer authorised by it in this behalf may at any reasonable time, enter the premises of the private security agency and inspect and examine the place of business, the records, accounts and other documents connected with the licence and may take copy of any document.

17. Issue of photo identity card : (1) Every private security guard shall be issued a photo identity card, by the private security agency employing or engaging the guard.

(2) The photo identity card under sub-section (1) shall be issued in such form as may be prescribed.

(3) Every private security guard or supervisor shall carry on his person the photo identity card issued under sub-section (1) and shall produce it on demand for inspection by the Controlling Authority or any other officer authorised by it in this behalf.

18. Disclosure of information to unauthorized person : (1) Any person who may be or has been employed or engaged as a private security guard by the private security agency shall not divulge to anyone other than the employer, or in such manner and to such person as the employer directs, any information acquired by him during such employment with respect to the work which he has been assigned by such employer, except such disclosure as may be required under this Act or in connection with any inquiry or investigation by the police or as may be required by an authority or process of law.

(2) All private security guards of a private security agency shall render necessary assistance to the police or to such authority in the process of any investigation pertaining to the activities of that agency.

(3) If violation of any law is noticed by any private security guard during the course of discharge of his duties, he shall bring it to the notice of his superior, who in turn shall inform the police either through his employer or agency or on his own.

19. Delegation : The State Government may, by notification, direct that any power or function (except the powers to make rules under section 25) —

(a) which may be exercised or performed by it, or

(b) which may be exercised or performed by the Controlling Authority,

under this Act, may, in relation to such matter and subject to such conditions, if any, as may be specified in the notification, be also exercised or performed by such officer or authority subordinate to the Government or officer subordinate to the Controlling Authority, as may be specified in such notification.

16. अनुज्ञप्ति आदि का निरीक्षण : नियंत्रक प्राधिकारी या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी किसी युक्तियुक्त समय पर, प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण के परिसर में प्रवेश कर सकेगा और उसके कारबार के स्थान, अभिलेखों, लेखाओं और अनुज्ञप्ति से संबंधित अन्य दस्तावेजों का निरीक्षण और जांच कर सकेगा तथा किसी दस्तावेज की प्रति ले सकेगा।

17. फोटो पहचान पत्र का जारी किया जाना : (1) प्रत्येक प्राइवेट सुरक्षा गार्ड को, उस प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण द्वारा, जिसने उस गार्ड को नियोजित या नियुक्त किया है, फोटो पहचान पत्र जारी किया जाएगा।

(2) उपधारा (1) के अधीन फोटो पहचान पत्र ऐसे प्ररूप में, जो विहित किया जाए, जारी किया जाएगा।

(3) प्रत्येक प्राइवेट सुरक्षा गार्ड या पर्यवेक्षक अपने साथ उपधारा (1) के अधीन जारी किया गया फोटो पहचान पत्र रखेगा और नियंत्रक प्राधिकारी या इस निमित्त उसके द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी द्वारा निरीक्षण के लिए मांग किए जाने पर उसे प्रस्तुत करेगा।

18. अप्राधिकृत व्यक्ति को जानकारी का प्रकटन : (1) कोई व्यक्ति जिसे प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण द्वारा प्राइवेट सुरक्षा गार्ड के रूप में नियोजित किया जाए या नियुक्त किया गया है या रखा गया है, नियोजक से भिन्न किसी अन्य व्यक्ति को, या ऐसी रीति में और ऐसे व्यक्ति को जिसे नियोजक निदेश दे, उस कार्य के संबंध में ऐसे नियोजन के दौरान उसके द्वारा अर्जित कोई जानकारी जो ऐसे नियोजक द्वारा समनुदेशित किया गया हो, सिवाय ऐसे प्रकटीकरण के जो इस अधिनियम के अधीन या पुलिस द्वारा किसी जांच या अन्वेषण के संबंध में या किसी प्राधिकारी द्वारा या विधि की प्रक्रिया में अपेक्षित हो, प्रकट नहीं करेगा।

(2) प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण के समस्त प्राइवेट सुरक्षा गार्ड पुलिस को या ऐसे प्राधिकारी को उस अभिकरण के क्रियाकलापों से संबंधित किसी अन्वेषण की प्रक्रिया में आवश्यक सहायता देंगे।

(3) यदि किसी विधि का अतिक्रमण किसी प्राइवेट सुरक्षा गार्ड की, उसके कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान जानकारी में आता है तो वह अपने वरिष्ठ अधिकारी की जानकारी में लाएगा, जो नियोजक या अभिकरण के माध्यम से या स्वयं पुलिस को जानकारी देगा।

19. प्रत्यायोजन : राज्य सरकार अधिसूचना द्वारा यह निदेश दे सकेगी कि (धारा 25 के अधीन नियम बनाने की शक्तियों को छोड़कर) ऐसी किसी शक्ति या कृत्य का, जिसका इस अधिनियम के अधीन,—

(क) उसके द्वारा प्रयोग या पालन किया जा सकेगा, या

(ख) नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा प्रयोग या पालन किया जा सकेगा,

ऐसे विषय के संबंध में और ऐसी शर्तों, यदि कोई हों, के अधीन रहते हुए जो अधिसूचना में विनिर्दिष्ट की जाएं, सरकार के अधीनस्थ ऐसे अधिकारी या प्राधिकारी या नियंत्रक प्राधिकारी के अधीनस्थ अधिकारी द्वारा भी, जो ऐसी अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किया जाए, प्रयोग या पालन किया जा सकेगा।

20. Punishment for contravention of certain provisions : (1) Any perso who contravenes the provisions of section 4 shall be punishable with imprisonmen for a term which may extend to one year, or with fine which may extend to twenty five thousand rupees, or with both.

(2) Words and expressions used but not defined in these rules, shall have the same meaning respectively assigned to them in the Act.

3. Manner of making application for grant of license : (1) Every application by an Agency for the grant of a license, shall be made to the Controlling Authority in Form I in triplicate.

(2) Every application referred to in sub-rule (1) shall be accompanied by –

(a) a demand draft or banker's cheque showing the payment of fees as per sub-section (3) of section 7 of the Act, payable to the Controlling Authority.

(b) particulars of the applicant in Form II, for verification of his antecedents.

(c) affidavit of the applicant in Form III.

Note : If the applicant is a company, a firm or an association of persons, particulars and affidavit in Form II and III shall be submitted for every proprietor or majority of share holder or partner or director of the company.

(3) Every application referred to in sub-rule (1), shall be either personally delivered to the Controlling Authority or sent to him by registered post.

(4) On receipt of the application referred to in sub-rule (1), the Controlling Authority shall after noting thereon the date of receipt by him of the application, grant an acknowledgement to the applicant.

1. Notification No. F. 33(5) Home - 9/2005 dated 11.10.2006, published in Raj. Gazette E.O Part 4(Ga) (I) dated 30.10.2006 (w.e.f. 30.10.2006).

राजस्थान प्राइवेट सुरक्षा एजेन्सी (विनियमन) नियम, 2006

जी.एस.आर. 63 : प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी (विनियमन) अधिनियम, 2005 की धारा 25 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार इसके द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :** (1) इन नियमों का नाम राजस्थान प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी (विनियमन) नियम, 2006 है।

(2) ये राज-पत्र में इनके प्रकाशन की तारीख[1] से प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएँ :** (1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :

(क) "**अधिनियम**" से प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी (विनियमन) अधिनियम, 2006 अभिप्रेत है;

(ख) "**एजेंसी**" से प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी अभिप्रेत है;

(ग) "**नियंत्रक प्राधिकारी**" से अधिनियम की धारा 3 की उप-धारा (1) के अधीन पदाभिहित नियंत्रक प्राधिकारी अभिप्रेत है;

(घ) "**प्ररूप**" से इन नियमों से संलग्न कोई प्ररूप अभिप्रेत है; और

(ङ) "**अनुज्ञप्ति**" से इस अधिनियम के अधीन मंजूर कोई अनुज्ञप्ति अभिप्रेत है।

(2) इन नियमों में प्रयुक्त किये गये, किन्तु परिभाषित नहीं किये गये शब्दों और अभिव्यक्तियों का वही अर्थ होगा जो उन्हें अधिनियम में क्रमशः समनुदिष्ट किया गया है।

3. **अनुज्ञप्ति की मंजूरी के लिए आवेदन करने की रीति :** (1) अनुज्ञप्ति की मंजूरी के लिए किसी एजेंसी द्वारा प्रत्येक आवेदन प्ररूप 1 में तीन प्रतियों में नियंत्रक प्राधिकारी को किया जायेगा।

(2) उप-नियम (1) में निर्दिष्ट प्रत्येक आवेदन के साथ निम्नलिखित होगा :–

(क) अधिनियम की धारा 7 की उप-धारा (3) के अनुसार फीस का संदाय दर्शित करने वाला मांगदेय ड्राफ्ट या बैंकर्स चैक जो नियंत्रक प्राधिकारी को संदेय हो;

(ख) प्ररूप 2 में आवेदक की उसके पूर्ववृत्त के सत्यापन के लिए विशिष्टियाँ;

(ग) प्ररूप 3 में आवेदक का शपथपत्र।

टिप्पण : यदि आवेदक कोई कम्पनी, फर्म या व्यक्तियों का संगम हो तो प्रत्येक स्वत्वधारी या कम्पनी के शेयरधारकों या भागीदार या निदेशक की बहुसंख्या की प्ररूप 2 और 3 में विशिष्टियाँ और शपथपत्र प्रस्तुत किये जायेंगे।

(3) उप-नियम (1) में निर्दिष्ट प्रत्येक आवेदन, नियंत्रक प्राधिकारी को या तो व्यक्तिशः प्रदत्त किया जायेगा या उसे रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा भेजा जायेगा।

(4) उप-नियम (1) में निर्दिष्ट प्रत्येक आवेदन प्राप्त होने पर नियंत्रक प्राधिकारी उसके द्वारा आवेदन की प्राप्ति की तारीख उस पर लिखने के पश्चात् आवेदक को एक अभिस्वीकृति प्रदान करेगा।

1. अधिसूचना संख्या एफ. 33 (5) होम-9/2005 दिनांक 11.10.2006, राजस्थान राजपत्र विशेषांक भाग 4(ग) (I) दिनांक 13.12.2006 में प्रकाशित।

4. Verification of the antecedents of the applicant : (1) On receipt of th application referred to in sub-rule (1) of rule 3, the Controlling Authority shall mak such inquiries, as it considers necessary to verify the contents of the application an the particulars of the applicant.

(2) The Controlling Authority shall send copy of the application for license an its enclosures for verification in duplicate to District Superintendent of Police fo obtaining his report/no objection certificate of the concerned District, where the Agenc intends to commence its activities. .

(3) The District Superintendent of Police in addition to the causing of verificatio of antecedents of every individual in whose name the antecedent form is filled up shall also furnish the following information :

(i) whether the applicant or the company earlier operated any Private Securit Agency, either individually or in partnership of others and if so, the detail thereof; and

(ii) whether the applicant possesses any special qualification or skill, which ma facilitate his operations of Private Security Agency.

(4) The District Superintendent of Police shall send his report/no objectio certificate in Form II within 30 days. He shall retain copy of report/no objectio certificate in his office record and in the concerned police station.

5. Grant of license : (l) The Controlling Authority after completing all th formalities prescribed under rule 4 and satisfying itself about the suitability of th applicant and also the need for granting the license for the area of operation applie for, may either grant a license in the format prescribed in Form IV or refuse to gra the same within the period of sixty days.

(2) No license shall be granted without 'No Objection Certificate' from Distric Superintendent of Police.

6. Conditions of license : (l) The licensee shall successfully undergo a trainin relating to the private security service as specified by the Controlling Authority with the time frame fixed by it.

(2) The license shall intimate the name, parentage, date of birth, permanen address, address for correspondence and the principal profession of each perso forming the Agency within fifteen days of receipt of the license to the Controllin Authority.

(3) The licensee shall inform the Controlling Authority regarding any change i the address of persons forming the Agency or any change of management with seven days of such change.

4. आवेदक के पूर्ववृत्त का सत्यापन : (1) नियम 3 के उप-नियम (1) में निर्दिष्ट आवेदन होने पर, नियंत्रक प्राधिकारी आवेदन की अन्तर्वस्तु और आवेदक की विशिष्टियों को सत्यापित करने लिए ऐसी जाँच करेगा, जो वह आवश्यक समझे ।

(2) नियंत्रक प्राधिकारी अनुज्ञप्ति के आवेदन और उसके संलग्नकों की प्रतियाँ दो प्रतियों में सत्यापन लिए सम्बन्धित जिले, जहाँ एजेंसी अपने क्रियाकलाप प्रारम्भ करने का आशय रखती है, के जिला पुलिस अधीक्षक को उसकी रिपोर्ट/निराक्षेप प्रमाणपत्र अभिप्राप्त करने के लिए भेजेगा ।

(3) जिला पुलिस अधीक्षक प्रत्येक व्यष्टि, जिसके नाम से पूर्ववृत्त प्ररूप भरा गया है, के पूर्ववृत्त का सत्यापन करने के अतिरिक्त निम्नलिखित सूचना भी देगा :–

(i) क्या आवेदक या कम्पनी ने पूर्व में या तो व्यक्तिश: या अन्य की भागीदारी में कोई प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी चलायी है और यदि ऐसा है तो उसका ब्यौरा; और

(ii) क्या आवेदक कोई ऐसी विशेष अर्हता या कौशल रखता है जो प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी को चलाना सुकर बनाता हो ।

(4) जिला पुलिस अधीक्षक अपनी रिपोर्ट/निराक्षेप प्रमाणपत्र प्ररूप 2 में तीस दिन के भीतर भेजेगा । वह अपने कार्यालय अभिलेख में और सम्बन्धित पुलिस थाने में रिपोर्ट/निराक्षेप प्रमाणपत्र की प्रति रखेगा ।

5. अनुज्ञप्ति की मंजूरी : (1) नियंत्रक प्राधिकारी नियम 4 के अधीन विहित समस्त औपचारिकताओं की पूरा करने और आवेदक की उपयुक्तता और आवेदित प्रचालन के क्षेत्र के लिए अनुज्ञप्ति मंजूर करने की आवश्यकता के बारे में भी अपना समाधान करने के पश्चात् प्ररूप 4 में विहित प्ररूप में साठ दिन की कालावधि के भीतर या तो अनुज्ञप्ति मंजूर करेगा या उसे मंजूर करने से इनकार करेगा ।

(2) कोई भी अनुज्ञप्ति जिला पुलिस अधीक्षक के निराक्षेप प्रमाणपत्र के बिना मंजूर नहीं की जायेगी ।

6. अनुज्ञप्ति की शर्तें : (1) अनुज्ञप्तिधारी प्राइवेट सुरक्षा सेवा के सम्बन्ध में नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा यथा- विनिर्दिष्ट प्रशिक्षण, उसके द्वारा नियत समय के भीतर सफलतापूर्वक प्राप्त करेगा ।

(2) अनुज्ञप्तिधारी एजेंसी गठित करने वाले प्रत्येक सदस्य के नाम, माता-पिता के नाम, जन्म की तारीख, स्थायी पते, पत्र-व्यवहार के पते और वृत्ति के मुख्य स्थान की सूचना नियंत्रक प्राधिकारी को अनुज्ञप्ति की प्राप्ति के पन्द्रह दिन के भीतर देगा ।

(3) अनुज्ञप्तिधारी एजेंसी गठित करने वाले व्यक्तियों के पते में किसी परिवर्तन या प्रबन्ध में किसी परिवर्तन के बारे में नियंत्रक प्राधिकारी को ऐसे परिवर्तन से सात दिन के भीतर सूचित करेगा ।

(4) The licensee shall immediately intimate to the Controlling Authority abou any criminal charge framed against the persons forming the Agency or against th private security guard or supervisor engaged or employed by the Agency, in the cours of their performance of duties as private security agency. A copy of such communication shall also be sent to the officer in charge of the police station where the person charged against resides.

(5) Every licensee shall abide by the requirements of physical standards for th private security guards and their training as prescribed in these rules as the condition on which the license is granted.

(6) Same as provided in these rules, the fees paid for the grant of license shal be non-refundable.

7. Verification of character and antecedents of the private security guard and supervisor : (1) Before any person is employed or engaged as a security guard or supervisor, the Agency shall satisfy itself about the character and antecedents of such person in any one or more of the following manners –

(a) by verifying the character and antecedent of the person by itself.

(b) by relying upon the character and antecedent verification certificate produced by the person provided the Agency does not have any adverse report regarding the person's character and antecedents from any other source.

(c) by relying on the report received from the police authorities signed under the authority of the District Superintendent of Police.

(2) The person desirous of getting employed or engaged as security guard or supervisor shall submit Form V in duplicate to the Agency. If the person has stayed in more than one District during the last five years, the number of forms shall be as many as Districts.

(3) The Agency shall cause an inquiry into the correctness of the particulars filled in either by itself or by sending the form to the respective District Superintendent of Police.

(4) In case where the agency decides to verify the character and antecedents of the applicant by itself, it shall ascertain the following :–

(a) the identity and reputation of the applicant from locality/localities where he has reportedly been residing/resided.

(b) whether there have been criminal case(s) registered/pending trial against the applicant.

(c) whether the applicant has ever been convicted.

(4) अनुज्ञप्तिधारी प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी के रूप में अपने कर्तव्यों के अनुपालना के अनुक्रम में, एजेंसी ... करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध या एजेंसी द्वारा रखे गये या नियुक्त किये गये प्राइवेट सुरक्षा गार्ड या ... के विरुद्ध लगाये गये किसी आपराधिक आरोप के बारे में नियंत्रक प्राधिकारी को तुरन्त सूचित ... ऐसी सूचना की एक प्रति उस पुलिस थाने के प्रभारी को भी भेजी जायेगी जहाँ आरोपित व्यक्ति ... करता है।

(5) प्रत्येक अनुज्ञप्तिधारी प्राइवेट सुरक्षा गार्ड के लिए शारीरिक मानकों और उनके प्रशिक्षण की ... अपेक्षाओं का पालन करेगा जो इन नियमों में ऐसी शर्त के रूप में विहित है जिस पर अनुज्ञप्ति मंजूर की ... है।

(6) इन नियमों में यथाउपबंधित के सिवाय, अनुज्ञप्ति की मंजूरी के लिए संदत्त फीस प्रतिदेय नहीं ... होगी।

7. प्राइवेट सुरक्षा गार्ड और पर्यवेक्षक के चरित्र और पूर्ववृत्त का सत्यापन : (1) किसी व्यक्ति ... सुरक्षा गार्ड या पर्यवेक्षक के रूप में नियोजित या लगाये जाने के पूर्व, एजेंसी निम्नलिखित एक या ... अधिक रीतियों से ऐसे व्यक्ति के चरित्र या पूर्ववृत्त के बारे में अपना समाधान करेगी :–

(क) स्वयं द्वारा उस व्यक्ति के चरित्र और पूर्ववृत्त का सत्यापन;

(ख) उस व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत चरित्र और पूर्ववृत्त प्रमाणपत्र पर निर्भरता बशर्ते एजेंसी के पास व्यक्ति के चरित्र और पूर्ववृत्त बारे में किसी अन्य स्रोत से कोई प्रतिकूल रिपोर्ट न हो;

(ग) पुलिस प्राधिकारियों से प्राप्त रिपोर्ट पर निर्भरता जो जिला पुलिस अधीक्षक के प्राधिकार के अधीन हस्ताक्षरित हो।

(2) सुरक्षा गार्ड या पर्यवेक्षक के रूप में नियोजित होने या लगाये जाने का इच्छुक व्यक्ति एजेंसी को ... 5 की प्रतियों में प्रस्तुत करेगा। यदि वह व्यक्ति गत पाँच वर्षों के दौरान एक से अधिक जिलों में रहा है ... प्रतियों की संख्या जिलों की संख्या के बराबर होगी।

(3) एजेंसी भरी गयी विशिष्टियों की शुद्धता की जाँच या तो स्वयं करेगी या प्ररूप को सम्बन्धित ... पुलिस अधीक्षक को भेजकर करवायेगी।

(4) उस दशा में जहाँ एजेंसी आवेदक के चरित्र और पूर्ववृत्त का सत्यापन स्वयं करने का विनिश्चय ... है, वहाँ वह निम्नलिखित का अभिनिश्चय करेगी :–

(क) आवेदक की, उस परिक्षेत्र/उन परिक्षेत्रों से, जहाँ वह रहता है/रहता था, पहचान और ख्याति;

(ख) क्या आवेदक के विरुद्ध आपराधिक मामला रजिस्ट्रीकृत है/विचारण लम्बित है;

(ग) क्या आवेदक कभी सिद्धदोष हुआ है;

(d) general reputation of the applicant whether engaging or employing the perso will pose a threat to national security or public order.

(5) In case the agency refers the application to police for verification of charact and antecedents, it shall send the form(s) of the applicant to the District Superintende of Police where the headquarter of the agency is located alongwith the bank draft bankers cheque of Rs. 100/- per form payable to the concerned District Superintende of Police. The District Superintendent of Police shall then refer the form(s) concerned police station(s). The police shall –

(a) establish identity of the individual and verify the character and antecedent of the person by making a visit to the locality, where the person claims have resided or residing and ascertain his identity and reputation from th respectable residents of the locality.

(b) consult the police station, record of the concerned police station and othe records at the District Police Headquarter.

(c) specifically state if there is a criminal case registered against, the person a any point of time or if he has every been convicted of criminal offenc punishable with imprisonment.

(d) specifically comment if the engaging or employing the person unde verification by the Private Security Agency will pose a threat to Nationa Security.

(e) record comments on every claim of the person in character and anteceden Form and also a general report about his activities including means o livelihood in the period of verification.

(f) ensure that character and antecedent verification report is issued within ninety days of the receipt of the character and antecedent form.

(6) The report of the police regarding character and antecedents of a person shall be graded as confidential. It shall be addressed in named cover to a designated officer of the Security Agency requesting for character and antecedents.

(7) On the basis of police verification and on the basis of the own verification, the Agency shall issue a character certificate in Form VI and the same shall not be taken back by such Agency even if the' person ceases to be the employee of that Agency. This certificate shall ordinarily be valid for three years from the date of issue.

8. Security training : (1) The Controlling Authority shall frame the detailed training syllabus required for training the security guards. This training shall be for a minimum period of hundred hours of classroom instruction and sixty hours of field training, spread over at least twenty working days. The ex-servicemen and former

(घ) क्या आवेदक की सामान्य ख्याति व्यक्ति को लगाये जाने या नियोजित किये जाने से राष्ट्रीय सुरक्षा या लोक व्यवस्था के लिए आशंका पैदा करेगी।

(5) यदि एजेंसी चरित्र और पूर्ववृत्त के सत्यापन के लिए आवेदन पुलिस को निर्दिष्ट करती है तो वह आवेदक के प्ररूप, प्रत्येक प्ररूप के लिए सम्बन्धित जिला पुलिस अधीक्षक को संदेय 100/- रु. के बैंक ड्राफ्ट या बैंकर्स चैक के साथ, उस जिला पुलिस अधीक्षक को भेजेगा, जहाँ एजेंसी का मुख्यालय अवस्थित है। जिला पुलिस अधीक्षक तब प्ररूप(पों) को सम्बन्धित पुलिस थाने(नों) को निर्दिष्ट करेगा। पुलिस :–

(क) उस परिक्षेत्र, जहाँ वह व्यक्ति रहता था या रहने का दावा करता है, में जाकर व्यक्ति की पहचान स्थापित करेगी और उस व्यक्ति के चरित्र और पूर्ववृत्त का सत्यापन करेगी और परिक्षेत्र के सम्माननीय निवासियों से उसकी पहचान और ख्याति सुनिश्चित करेगी;

(ख) पुलिस थाने से परामर्श करेगी, सम्बन्धित पुलिस थाने के अभिलेख और जिला पुलिस मुख्यालय के अन्य अभिलेखों से जाँच करेगी;

(ग) यदि किसी भी समय उस व्यक्ति के विरुद्ध कोई आपराधिक मामला रजिस्ट्रीकृत है या यदि वह कारावास से दण्डनीय दांडिक अपराध में कभी भी सिद्धदोष हुआ है तो इसका विनिर्दिष्ट रूप से कथन करेगी;

(घ) विनिर्दिष्ट रूप से टिप्पण करेगी कि प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी द्वारा सत्यापनाधीन व्यक्ति को लगाया जाना या नियोजित किया जाना क्या राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आशंका पैदा करेगा;

(ङ) व्यक्ति के प्रत्येक दावे पर चरित्र और पूर्ववृत्त प्ररूप में टिप्पण और सत्यापन की कालावधि में जीविका के साधन को सम्मिलित करते हुए उसके क्रियाकलापों के बारे में भी एक सामान्य रिपोर्ट अभिलिखित करेगी;

(च) यह सुनिश्चित करेगा कि चरित्र और पूर्ववृत्त प्ररूप की प्राप्ति से नब्बे दिन के भीतर चरित्र और पूर्ववृत्त सत्यापन रिपोर्ट जारी कर दी जाये।

(6) किसी व्यक्ति के चरित्र और पूर्ववृत्त के सम्बन्ध में पुलिस की रिपोर्ट गोपनीय के रूप में श्रेणीकृत की जायेगी। यह चरित्र और पूर्ववृत्त के लिए अनुरोध करने वाली सुरक्षा एजेंसी के किसी पदाभिहित अधिकारी के नाम से लिफाफे में भेजी जायेगी।

(7) पुलिस सत्यापन के आधार पर और स्वयं के सत्यापन के आधार पर एजेंसी प्ररूप 6 में चरित्र प्रमाणपत्र जारी करेगी और उसे ऐसी एजेंसी द्वारा वापस नहीं लिया जायेगा, चाहे वह व्यक्ति उस एजेंसी का कर्मचारी नहीं रहा हो।

8. सुरक्षा प्रशिक्षण : (1) नियंत्रक प्राधिकारी सुरक्षा गार्डों के प्रशिक्षण के लिए अपेक्षित विस्तृत प्रशिक्षण पाठ्य विवरण विरचित करेगा। यह प्रशिक्षण कम से कम बीस कार्य दिवसों में न्यूनतम सौ घण्टे के कक्षा शिक्षण और साठ घण्टे के मैदानी प्रशिक्षण की कालावधि का होगा। तथापि, पूर्व सैनिकों और पूर्व

police personnel shall however be required to attend a condensed course only minimum forty hours of classroom instructions and sixteen hours of field train spread over at least seven working days.

(2) The training will include the following subjects, namely :–

(a) conduct in public and correct wearing of uniform;

(b) physical fitness training;

(c) physical security, security of the assets, security of the building or apartm personnel security, household security;

(d) fire fighting;

(e) crowd control;

(f) examining identification papers including identity cards, passports and s cards;

(g) should be able to read and understand English alphabets and Arabic numer as normally encountered in the identification documents, arms license, tr documents and security inspection sheet;

(h) identification of improvised explosive devices;

(i) first-aid;

(j) crisis response and disasters management;

(k) defensive driving (compulsory for the driver of Armored vehicle and optio for others);

(l) handling and operation of non-prohibited weapons and firearms (optiona

(m) rudimentary knowledge of Indian Penal Code, right to private defe procedure for lodging first information report in the police station. A Act (only operative sections). Explosives Act (operative sections);

(n) badges of rank in police and military forces;

(o) identification of different types of arms in use in public and Police;

(p) use of Security equipments and devices (for supervisors only).

(3) The security guard shall have to successfully undergo the training specif by the Controlling Authority. On completion of the training each successful trai shall be awarded a certificate in Form VII by the training institute or organization.

(4) The Controlling Authority shall inspect the functioning of training facility fr time to time either by itself or through its own officers. Normally such inspect shall be conducted at least two times every year.

(5) All the agencies shall submit a list of successful trainees to the Controll Authority in the manner specified by it.

पुलिस कार्मिकों से कम से कम सात कार्य दिवस में केवल न्यूनतम चालीस घण्टे के कक्षा शिक्षण और सोलह घण्टे के मैदानी प्रशिक्षण के संक्षिप्त पाठ्यक्रम में उपस्थित होने की अपेक्षा की जायेगी।

(2) प्रशिक्षण में निम्नलिखित विषय सम्मिलित होंगे, अर्थात् :–

(क) लोक आचरण और वर्दी को सही तरीके से पहनना;

(ख) शारीरिक स्वस्थता प्रशिक्षण;

(ग) शारीरिक सुरक्षा, आस्तियों की सुरक्षा, भवन या अपार्टमैन्ट की सुरक्षा, कार्मिक सुरक्षा, घरेलू सुरक्षा;

(घ) आग बुझाना;

(ङ) भीड़ नियंत्रण;

(च) पहचान पत्र, पासपोर्ट और स्मार्ट कार्ड को सम्मिलित करते हुए पहचान पत्रों की जाँच;

(छ) अंग्रेजी वर्णमाला और अरबी अंकों, जो सामान्यतया पहचान दस्तावेजों, शस्त्र अनुज्ञप्ति, यात्रा दस्तावेजों और सुरक्षा निरीक्षण शीट में प्रयुक्त होते हैं, को पढ़ने और समझने में समर्थ;

(ज) कामचलाऊ विस्फोटक युक्तियों की पहचान;

(झ) प्राथमिक उपचार;

(ञ) संकट का मुकाबला और आपदा प्रबन्धन;

(ट) रक्षणात्मक चालन (बख्तरबन्द गाड़ी के ड्राइवर के लिए अनिवार्य और अन्य के लिए वैकल्पिक);

(ठ) अप्रतिषिद्ध आयुध और अग्न्यायुध की देखभाल और प्रचालन (वैकल्पिक);

(ड) भारतीय दण्ड संहिता, प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार, पुलिस थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दाखिल करने की प्रक्रिया, आयुध अधिनियम (केवल प्रभावी धाराओं), विस्फोटक अधिनियम (प्रभावी धाराओं) का प्रारम्भिक ज्ञान;

(ढ) पुलिस और सेना बलों में रैंक के बैज;

(ण) पब्लिक और पुलिस में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न प्रकार के आयुधों की पहचान;

(त) सुरक्षा उपस्करों और युक्तियों का उपयोग (केवल पर्यवेक्षकों के लिए)।

(3) सुरक्षा गार्ड को नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त करना होगा। प्रशिक्षण पूरा होने पर प्रत्येक सफल प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण केन्द्र या संगठन द्वारा प्ररूप 7 में प्रमाणपत्र प्रदान किया जायेगा।

(4) नियंत्रक प्राधिकारी या तो स्वयं या अपने अधिकारियों के माध्यम से प्रशिक्षण सुविधाओं का समय-समय पर निरीक्षण करेगा। सामान्यतया ऐसा निरीक्षण प्रतिवर्ष कम से कम दो बार किया जायेगा।

(5) समस्त एजेंसियाँ नियंत्रक प्राधिकारी को उसके द्वारा विनिर्दिष्ट रीति में सफल प्रशिक्षणार्थियों की सूची प्रेषित करेंगी।

9. Standard of physical fitness for security guards : (1) A person shall b eligible for being engaged or employed as security guard if he fulfill the standards physical fitness as specified below :–

(i) Height, 160 cms (for Female 150 cms.), weight according to standard tabl of height and weight, chest 80 cms with an expansion of 4 cms (for female no minimum requirement for chest measurement).

(ii) Eye sight : far sight vision 6/6, near vision 0.6/0.06 with or witho correction, free from colour blindness should be able to identify an distinguish colour display in security equipments and read and understan display in English alphabets and Arabic numerals.

(iii) Free from knock knee and flat foot and should be able to run one kilo meter in six minutes.

(iv) Hearing : free from defect; should be able to hear and respond to the spoke voice and the alarms generated by Security equipments.

(v) The candidate should have dexterity and strength to perform searches, handl objects and use force for restraining the individuals in case of need.

(2) A candidate should be free from evidence of any contagious or infectiou disease. He should not be suffering from any disease which is likely to be aggravate by service or is likely to render him unfit for service or endanger the health of th public.

(3) Agency shall ensure that every security guard working for it undergoes medical examination after every twelve months from his last such examination so a to ensure his continues maintenance of physical standard as prescribed for the entry level.

10. Provision for Supervisors : (1) There shall be one supervisor to supervis the work of not more than fifteen private security guards.

(2) In case the private security guards are on security duty in different premise and it is not practical to supervise their work by one supervisor, the Agency shal depute more number of supervisors so that at least for every six private security guard there is one supervisor available for assistance, advice and supervision.

11. Verification of conditions of License and review of license : (1)The Controlling Authority either by itself or through its officers may verify the training and skills imparted to the private guards and supervisors of any private security agency.

(2) The Controlling Authority may review the continuation or otherwise of license of such security agencies which may not have adhered to the conditions of ensuring the required training.

9. सुरक्षा गार्डों के लिए शारीरिक स्वस्थता के मानक : (1) कोई व्यक्ति सुरक्षा गार्ड के रूप में लगाये जाने या नियोजित किये जाने का पात्र होगा यदि वह नीचे यथा-विनिर्दिष्ट शारीरिक स्वस्थता के मानकों को पूरा करता है :–

(i) कद 160 सेमी (महिलाओं के लिए 150 सेमी); वजन, कद और वजन की मानक सारणी के अनुसार; सीना 4 सेमी फुलाव के साथ 80 सेमी. (महिलाओं के लिए सीनें की माप के लिए कोई न्यूनतम अपेक्षा नहीं होगी);

(ii) दृष्टि : दोष-शोधन के साथ या बिना दूर दृष्टि 6/6, नजदीक की दृष्टि 0.6/0.6, वर्णान्धता से मुक्त, सुरक्षा उपस्करों में प्रदर्शित रंग को पहचानने और भेद करने और अंग्रेजी वर्णमाला और अरबी अंकों के प्रदर्शन को पढ़ने और समझने में समर्थ;

(iii) अन्तर्वक्र जानु और सपाट पाव से मुक्त और छह मिनट में एक किलोमीटर दौड़ने में समर्थ;

(iv) श्रवण : विकार मुक्त; बोले गये स्वरों और सुरक्षा उपस्करों द्वारा उत्पन्न खतरे के संकेत को सुनने और उत्तर देने में समर्थ;

(v) अभ्यर्थी के पास तलाशी करने, वस्तुओं से व्यवहार करने और आवश्यकता की दशा में व्यक्तियों को अवरुद्ध करने के लिए बल प्रयोग करने का कौशल और सामर्थ्य होना चाहिए।

(2) अभ्यर्थी किसी सांसर्गिक या संक्रामक रोग के लक्षण से मुक्त होना चाहिए। वह किसी ऐसे रोग से ग्रसित नहीं होना चाहिए जिसके सेवा में के दौरान गुरुतर होने की सम्भावना हो या जिसके द्वारा उसे सेवा के लिए अनुपयुक्त बनाने की सम्भावना हो या जो जनता के स्वास्थ्य को संकटापन्न करे।

(3) एजेंसी यह सुनिश्चित करेगी कि उसके लिए कार्य करने वाला प्रत्येक सुरक्षा गार्ड उसकी पिछली चिकित्सा परीक्षा से प्रत्येक बारह मास के पश्चात् ऐसी परीक्षा करवाये ताकि उसके प्रवेश स्तर के लिए यथा-विहित शारीरिक मानक बनाये रखने को सुनिश्चित किया जा सके।

10. पर्यवेक्षकों के लिए उपबन्ध : (1) पन्द्रह से अनधिक प्राइवेट सुरक्षा गार्डों के कार्य का पर्यवेक्षण करने के लिए एक पर्यवेक्षक होगा।

(2) यदि प्राइवेट सुरक्षा गार्ड भिन्न-भिन्न परिसरों में सुरक्षा ड्यूटी पर हैं और उनके कार्य का पर्यवेक्षण एक पर्यवेक्षक द्वारा किया जाना व्यावहारिक नहीं है तो एजेंसी अधिक संख्या में पर्यवेक्षक प्रतिनियुक्त करेगी ताकि कम से कम प्रत्येक छह प्राइवेट सुरक्षा गार्डों की सहायता, सलाह और पर्यवेक्षण के लिए एक पर्यवेक्षक उपलब्ध हो।

11. अनुज्ञप्ति की शर्तों का सत्यापन और अनुज्ञप्ति का पुनर्विलोकन : (1) नियंत्रक प्राधिकारी या तो स्वयं या उसके अधिकारियों के माध्यम से किसी प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी के प्राइवेट सुरक्षा गार्डों और पर्यवेक्षकों को दिये गये प्रशिक्षण और कौशल का सत्यापन कर सकेगा।

(2) नियंत्रक प्राधिकारी ऐसी सुरक्षा एजेंसियों, जिन्होंने आवश्यक प्रशिक्षण को सुनिश्चित करने वाली शर्तों का पालन नहीं किया है, की अनुज्ञप्तियों को चालू रखने के लिये या अन्यथा पुनर्विलोकन कर सकेगा।

12. Renewal of license : (1) Every Agency shall apply to the Controlling Authority for renewal of the license in Form VIII at least 45 days before the expiry of its validity as specified in sub-section (1) of section 8 of the Act.

(2) Every application for renewal of license shall be accompanied by :–

(a) a demand draft or banker's cheque showing the payment of fees as per sub-section (3) of section 7, payable to the Controlling Authority.

(b) Particulars of the applicant in Form II for verification of his antecedents.

(c) Affidavit of the applicant in Form III.

13. Conditions for renewal of license : The controlling authority shall not renew the license if :–

(i) the principal place of business of the licensee is not in the jurisdiction of the controlling authority;

(ii) the licensee has not filed application within time period as specified under sub-section (1) of section 8 of the Act;

(iii) the application form is not in the prescribed format or is not accompanied by the requisite fees/documents;

(iv) the licensee has violated the conditions of license;

(v) the District Superintendent of Police has sent adverse report against the licensee;

(vi) the Licensee has failed to provide training for its private security guards and supervisors as required under sub-section (2) of section 9 of the Act;

Provided that no order of refusal shall be made except after giving the applicant a reasonable opportunity of hearing.

14. Appeals and procedure : (1) Every appeal under sub-section (1) of section 14 of the Act shall be preferred in Form IX signed by the aggrieved person or his authorized advocate and presented to the appellate officer in person of sent to him by registered post.

(2) The appeal shall be accompanied by a demand draft or bankers cheque of Rs. 1000/- payable to the Appellate Authority.

15. Register to be maintained by the Agency : The register required to be maintained under the Act by the Agency shall be in Form X.

16. Photo identity card : (1) Every photo identity card issued by the Agency under sub-section (2) of section 17 shall be in Form XI.

12. अनुज्ञप्ति का नवीकरण : (1) प्रत्येक एजेंसी अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए उसकी विधिमान्यता की समाप्ति के कम से कम 45 दिन पूर्व, जैसाकि अधिनियम की धारा 8 की उप-धारा (1) में विनिर्दिष्ट है, प्ररूप 8 में नियंत्रक प्राधिकारी को आवेदन करेगी।

(2) अनुज्ञप्ति के नवीकरण के प्रत्येक आवेदन के साथ निम्नलिखित होगा :–

(क) धारा 7 की उप-धारा (3) के अनुसार फीस का संदाय दर्शित करने वाला मांगदेय ड्राफ्ट या बैंकर्स चैक जो नियंत्रक प्राधिकारी को संदेय हो;

(ख) प्ररूप 2 में आवेदक की उसके पूर्ववृत्त के सत्यापन के लिए विशिष्टियाँ;

(ग) प्ररूप 3 में आवेदक का शपथ-पत्र।

13. अनुज्ञप्ति के नवीकरण की शर्तें : (1) नियंत्रक प्राधिकारी अनुज्ञप्ति का नवीकरण नहीं करेगा, यदि :–

(i) अनुज्ञप्तिधारी के कारबार का मुख्य स्थान नियंत्रक प्राधिकारी की अधिकारिता में नहीं है;

(ii) अनुज्ञप्तिधारी ने अधिनियम की धारा 8 की उप-धारा (1) के अधीन यथा-विनिर्दिष्ट कालावधि के भीतर आवेदन फाइल नहीं किया है;

(iii) आवेदन प्ररूप विहित प्ररूप में नहीं है या उसके साथ अपेक्षित फीस/दस्तावेज नहीं हैं;

(iv) अनुज्ञप्तिधारी ने अनुज्ञप्ति की शर्तों का अतिक्रमण किया है;

(v) जिला पुलिस अधीक्षक ने अनुज्ञप्तिधारी के विरुद्ध प्रतिकूल रिपोर्ट भेजी है;

(vi) अनुज्ञप्तिधारी उसके प्राइवेट सुरक्षा गार्डों और पर्यवेक्षकों को अधिनियम की धारा 9 की उप-धारा (2) के अधीन यथा-अपेक्षित प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में विफल रहा है :

परन्तु इनकार का कोई भी आदेश आवेदक को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर दिये बिना नहीं किया जायेगा।

14. अपील और प्रक्रिया : (1) अधिनियम की धारा 14 की उप-धारा (1) के अधीन प्रत्येक अपील प्ररूप 9 में की जायेगी, जो व्यथित व्यक्ति या उसके प्राधिकृत अधिवक्ता द्वारा हस्ताक्षरित हो और अपील अधिकारी को व्यक्तिश: प्रस्तुत की जायेगी या उसे रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा भेजी जायेगी।

(2) अपील के साथ अपील प्राधिकारी को संदेय 1000/- रु. का मांगदेय ड्राफ्ट या बैंकर्स चैक होगा।

15. एजेंसी द्वारा रखा जाने वाला रजिस्टर : अधिनियम के अधीन एजेंसी द्वारा रखे जाने के लिए अपेक्षित रजिस्टर प्ररूप 10 में होगा।

16. फोटो पहचान-पत्र : (1) धारा 17 की उप-धारा (2) के अधीन एजेन्सी द्वारा जारी किया गया प्रत्येक फोटो पहचान-पत्र प्ररूप 11 में होगा।

(2) The photo identity card shall convey a full-face image in color, full name of the private security guard, name of the Agency and the identification number of the individual to whom the photo identity card is issued.

(3) The photo identity card shall clearly indicate the individual's position in the Agency and the date up to which the photo-identity card is valid.

(4) The photo identity card shall be maintained upto date and any change in the particulars shall be entered therein.

(5) The photo-identity card issued to the private security guard shall be returned to the Agency issuing it, once the private security guard is no longer engaged or employed by it.

(6) Any loss or theft of photo-identity card shall be immediately brought to the notice of the Agency that issued it.

17. Other conditions : (1) Notwithstanding whether the Agency mandates its private security guards to put on uniform while on duty or not, every private security agency shall issue and make it obligatory or its security guards to put on :-

(a) an arm badge distinguishing the Agency;

(b) shoulder or chest badge to indicate his position in the organization;

(c) whistle attached to the whistle cord and to be kept in the left pocket;

(d) shoes with eyelet and laces;

(2) The clothes worn by the private security guard while on active duty shall be such that they do not hamper in his efficient performance. In particular they shall neither be too tight nor too loose as to obstruct movement or bending of limbs.

(3) Every private security guard shall carry a notebook and a writing instrument with him.

(4) Every private security guard while on active security duty shall wear and display photo-identity card issued under section 17 of the Act, on the outer most garment above waist level on his person in conspicuous manner.

---

(2) फोटो पहचान-पत्र में उस व्यक्ति, जिसे फोटो पहचान-पत्र जारी किया गया है, के पूरे चेहरे का रंगीन चित्र, प्राइवेट सुरक्षा गार्ड का पूरा नाम, एजेंसी का नाम और पहचान संख्यांक होगा।

(3) फोटो पहचान-पत्र में उस व्यक्ति का एजेंसी में पद और वह तारीख, जिस तक फोटो पहचान-पत्र विधिमान्य है, स्पष्ट तौर पर उपदर्शित होगी।

(4) फोटो पहचान-पत्र अद्यतन रखा जायेगा और विशिष्टियों में कोई भी परिवर्तन उसमें प्रविष्ट किया जायेगा।

(5) प्राइवेट सुरक्षा गार्ड को जारी किया गया फोटो पहचान-पत्र उसे जारी करने वाली एजेंसी को तब लौटा दिया जायेगा जब प्राइवेट सुरक्षा गार्ड वहाँ लगा हुआ या नियोजित नहीं रहता है।

(6) फोटो पहचान-पत्र की कोई भी हानि या उसकी चोरी उस एजेंसी के तुरन्त ध्यान में लायी जायेगी, जिसने उसे जारी किया है।

17. अन्य शर्तें : (1) इस बात के होने पर भी कि एजेंसी अपने प्राइवेट सुरक्षा गार्डों को ड्यूटी के दौरान वर्दी पहनने के आदेश दे या नहीं, प्रत्येक प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी निम्नलिखित सामग्री जारी करेगी और अपने सुरक्षा गार्डों के लिए उसे पहनना आबद्धकर करेगी :–

(क) एजेंसी का सुभेदक आर्म बैज;

(ख) संगठन में उसके पद को उपदर्शित करने के लिए कंधा या सीना बैज;

(ग) डोरी से बंधी हुई सीटी बायीं जेब में;

(घ) फीतेदार जूते।

(2) सक्रिय ड्यूटी के दौरान प्राइवेट सुरक्षा गार्ड द्वारा पहने जाने वाले कपड़े ऐसे होंगे कि वे उसके दक्षतापूर्ण पालन में अवरोध पैदा न करें। विशेष रूप से, न तो वे ज्यादा चुस्त होंगे और न ही ज्यादा ढीले कि संचरण या अंगों के झुकाव में अवरोध पैदा करें।

(3) प्रत्येक सुरक्षा गार्ड अपने साथ एक नोटबुक और लिखने का उपकरण रखेगा।

(4) प्रत्येक प्राइवेट सुरक्षा गार्ड सक्रिय ड्यूटी के दौरान अधिनियम की धारा 17 के अधीन जारी किया गया फोटो पहचान-पत्र अपने शरीर के कमर स्तर के ऊपर सबसे बाहर की पौशाक पर सहजदृश्य रीति से धारण और प्रदर्शित करेगा।

FORM -I

[See rule 3(1)]

APPLICATION FOR LICENSE TO ENGAGE IN THE BUSINESS OF PRIVATE SECURITY AGENCY

To,

The Controlling Authority
Government of Rajasthan
Secretariat
Jaipur.

Sub : License to run Private Security Agency.

Sir,

The undersigned (Individual / Firm / Company / Society) hereby applies for obtaining a license to run the business of Private Security Agency in the following districts of Rajasthan :–

1.
2.
3.
4.

The particulars of the Applicants/all Partners of the Firm/All Directors of the Company/ Society in the format prescribed in Form II alongwith the affidavit in the format prescribed in Form III are annexed herewith as Annexure I to ..... .

The signatory of this application has been duly authorized by the Partners of the Firm/Directors of the Company/Society. The proof of the same is enclosed (Annexure .....).

The copy of the Partnership Deed/Memorandum of Article of Association of the Company/Society is annexed herewith (Annexure).

The list of Partners of the Firm/Directors of the Company/Society is as follows :–

S. No.	Name	Address

The demand draft/bankers cheque of amount Rs. ..... payable to Home Secretary, Rajathan towards fees is attached. The details of which are as under :–

Demand Draft No./Bankers Cheque No. :

Date of Issue :

Issuing Bank :

Amount :

A self explanatory report about the proposed agency is annexed (Annexure .....). This write up highlights the profile of the agency including facilities available, particulars of uniform including its color for the security guards/supervisors of the agency, equipments to be used for security services and the facilities for imparting instructions to the security guards/supervisors.

प्ररूप 1

[नियम 3 (1) देखिए]

प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी के कारबार में लगने के लिए अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन

प्रेषिती,

नियंत्रक प्राधिकारी,
राजस्थान सरकार,
सचिवालय, जयपुर

विषय : प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी चलाने के लिए अनुज्ञप्ति।

महोदय,

अधोहस्ताक्षरकर्ता (व्यक्ति/फर्म/कम्पनी/सोसाइटी) राजस्थान के निम्नलिखित जिलों में प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी का कारबार चलाने की अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के लिए इसके द्वारा आवेदन करता है :–

1.
2.
3.
4.

प्ररूप 2 में विहित प्ररूप में आवेदकों/फर्म के सभी भागीदारों/कम्पनी/सोसाइटी के निदेशकों की विशिष्टियाँ प्ररूप 3 में विहित प्ररूप में शपथ-पत्र के साथ उपाबद्ध के रूप में 1 से ..... तक इसके साथ संलग्न हैं।

इस आवेदन का हस्ताक्षरकर्ता फर्म के भागीदारों/कम्पनी/सोसाइटी के निदेशकों द्वारा सम्यक् रूप से प्राधिकृत है। उसका सबूत (उपाबन्ध .....) संलग्न है।

भागीदारी विलेख कम्पनी/सोसाइटी संगम अनुच्छेद ज्ञापन की प्रतिलिपि इसके साथ (उपाबन्ध ....) संलग्न है।

फर्म के भागीदारों/कम्पनी/सोसाइटी के निदेशकों की सूची निम्नलिखित है :–

क्र.सं.	नाम	पता

फीस के पेटे गृह सचिव, राजस्थान को संदेय ..... रु. का मांगदेय ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक संलग्न है। जिसका ब्यौरा निम्न प्रकार है :–

मांगदेय ड्राफ्ट सं./बैंकर्स चैक सं. :

जारी होने की तारीख :

जारी करने वाला बैंक :

रकम :

प्रस्तावित एजेंसी के बारे में स्वत: स्पष्ट रिपोर्ट (उपाबन्ध .....) संलग्न है। इस विवरण में उपलब्ध सुविधाओं को सम्मिलित करते हुए एजेंसी की रूपरेखा की मुख्य-मुख्य बातें, एजेंसी के सुरक्षा गार्डों/पर्यवेक्षकों के लिए, वर्दी की विशिष्टियाँ और उसका रंग सुरक्षा सेवाओं के लिए प्रयुक्त किये जाने वाले उपस्कर और सुरक्षा गार्डों/पर्यवेक्षकों को शिक्षण देने की सुविधाएँ बतायी गयी हैं।

Elclosure :

1. Particulars in Form II (Annexure - I to .....).
2. Affidavits Form III (Annexure ..... to .....).
3. Authorization by the partners/board of Directors of the company/Society for signing the application (Annexure .....).
4. Memorandum of Article of Association/ Partnership Deed of the Firm/Company/ Society.
5. The profile of the agency (Annexure .....).

Signature

Name of the Applicant

Address of the Applicant

Tel. No. of the Applicant

Date of Application

Note :

(i) Strike out whatever is not applicable.

(ii) Incomplete/improperly filled up form will NOT be accepted.

Acknowledgement

The application received on ..... has been entered at serial No. ..... of the Register.

Signature of Controlling Authority

FORM II

[See rule 3(2)(b) & 12(2)(b)]

PARTICULRS OF APPLICANT FOR LICENSE OF AGENCY FOR VARIFICATION OF HIS/HER ANTECEDENTS OF APPLICANT

Thumb Impression* of the Applicant .....

Signature of the Applicant .....

Name of Attesting Officer .....

Designation of Attesting Officer .....

Passport Size recent Photograph attested by Class I Gazetted Officer

1. Name of applicant (n BLOCK letters)
   Last Name ..... First name .....
2. If name has been changed ever, the previous name(s) :
   .....
3. Sex : (male/female) .....
4. Date of Birth .....
5. Parents' Full Name and Address :
   (i) Father .....
   (ii) Mother .....

संलग्नक :

1. प्ररूप 2 में विशिष्टियाँ (उपाबन्ध 1 से .....)
2. शपथपत्र प्ररूप 3 (उपाबंध ..... से .....)
3. भागीदारों/कम्पनी/सोसाइटी के बोर्ड निदेशकों द्वारा आवेदन पर हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकार (उपाबंध .....)
4. फर्म/कम्पनी/सोसाइटी का संगम अनुच्छेद ज्ञापन/ भागीदारी विलेख।
5. एजेंसी की रूपरेखा (उपाबंध .....)

हस्ताक्षर

आवेदक का नाम

आवेदक का पता

आवेदक का दूरभाष सं.

आवेदन की तारीख

टिप्पण :

i. जो लागू न हो उसे काट दें।

ii. अपूर्ण/अशुद्ध भरे गये प्ररूप स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

अभिस्वीकृति

..... को प्राप्त आवेदन रजिस्टर के क्रम सं. ..... पर प्रविष्ट कर लिया गया है।

नियंत्रक प्राधिकारी के हस्ताक्षर

प्ररूप 2

[नियम 3(2) ख और 12 (2) (ख) देखिए]

एजेंसी की अनुज्ञप्ति के लिए आवेदक की उसके पूर्ववृत्त के सत्यापन के लिए विशिष्टियाँ

आवेदक की अँगूठा छाप .....

आवेदक के हस्ताक्षर .....

अनुप्रमाणन अधिकारी का नाम .....

अनुप्रमाणन अधिकारी का पदनाम .....

प्रथम वर्ग के राजपत्रित अधिकारी द्वारा अनुप्रमाणित हाल ही में खिंचा हुआ पासपोर्ट आकार का फोटो

i. आवेदक का नाम (बड़े अक्षरों में)

अन्तिम नाम ..... प्रथम नाम .....

ii. यदि पूर्व में कभी नाम बदला गया हो तो पुराना (पुराने) नाम : .....

.....

iii. लिंग : (पुरुष/महिला) .....

iv. जन्म तारीख .....

v. माता-पिता का पूरा नाम और पता :

i. पिता .....

ii. माता .....

6. Permanent Address (Complete postel address) :
   House No. ..... Mohalla .....
   Street ..... Village .....
   Post Office ..... Police Station .....
   District ..... Pin Code .....

7. Present Residential Address (Complete postel address) :
   House No. ..... Mohalla .....
   Street ..... Village .....
   Post Office ..... Police Station .....
   District ..... Pin Code .....
   Telephone No./Mobile No. .....

8. Since when residing at the above-mentioned address
   Date ..... Month ..... Year .....

9. Address of residences during last five years :

S. No.	From	To	Address
1.			
2.			
3.			
4.			
5.			

10. In case of stay abroad particulars of all places where resided for more than one year after attaining the age of twenty-one years.

S. No.	From	To	Address
1.			
2.			

11. If married, Full Name of Spouse (BLOCK letters)
    .....

12. Present Residential Address of Spouse
    .....
    .....

13. Other Details of Applicant :
    (a) Educational Qualifications :
    (b) Previous positions held if any along with name and address of employers :

S. No.	Period		Employer's particulars
	From	To	
1.			
2.			

    (c) Reason for leaving last employment :
    (d) Visible Identification Mark :

6. स्थाई पता (डाक का पूरा पता)
   मकान सं. ..... मोहल्ला .....
   गली ..... ग्राम .....
   डाकघर ..... पुलिस थाना .....
   जिला ..... पिन कोड .....

7. वर्तमान निवासीय पता (डाक का पूरा पता)
   मकान सं. ..... मोहल्ला .....
   गली ..... ग्राम .....
   डाकघर ..... पुलिस थाना .....
   जिला ..... पिन कोड .....
   दूरभाष सं./मोबाइल सं. .....

8. ऊपर वर्णित पते पर कब से रह रहा है
   तारीख ..... मास ..... वर्ष .....

9. पिछले पाँच वर्षों के दौरान के निवासों का पता

क्र. सं.	से	तक	पता
1.			
2.			
3.			
4.			
5.			

